तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 16.9 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 8 अक्टूबर 2025



14 महर्षि वाल्मीकि उच्चकोटि के कवि, बताया कि जन्म से कोई महान नहीं होता...





14 कौन है जो सपनों में आया...गीत पर मंत्रमुग्ध हुए संगीत प्रेमी




## खबर संक्षेप

### होटल मालिक-मैनेजर को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज फर्जी आईडी पर होटल में कमरा देने के मामले में पुलिस ने होटल मालिक आरोपी अक्षय को गिरफ्तार किया है। 6 अक्तूबर 2025 को पुलिस दल को सूचना मिली थी 13 सितंबर 2025 को जिला यमुनानगर के थाना सढौरा क्षेत्र में हुई फायरिंग वारदात में संलिप्त वांछित आरोपी आदित्य थापर को डायमंड होटल में तरूण ने होटल मैनेजर अक्षय को फोन करके फेक आईडी उपलब्ध करवाई थी। वांछित आरोपी आदित्य को 14 सितंबर 2025 को होटल में रूकवाया था।

### हेरोइन तस्करी में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला सदर में दर्ज नशा तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी जोगा सिंह को गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। इसके अतिरिक्त आरोपी जोगा सिंह के खिलाफ चोरी, अवैध मादक पदार्थ रखने व अन्य धाराओं के तहत लगभग 21 मुकदमें दर्ज हैं। 16 अगस्त 2025 को पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी महिला मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करती है। सूचना उपरांत पुलिस ने आरोपी महिला को 23 ग्राम 92 मिलिग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया था।

### लापरवाही से हुए हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौत

**अंबाला।** एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी पर जा रहे युवक को टक्कर मार दी। हादसे में घायल युवक को राहगीरों की ओर से शहर सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर का रहने वाला 19 वर्षीय पुषिंद्र ट्यूशन पढ़ने के लिए सेक्टर-9 में जा रहा था। मिक्सी चौक के पास एक निजी अस्पताल के सामने एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। कार चालक मौके से फरार हो गया।

### दलित ले सकेंगे ड्रोन प्रशिक्षण

**पानीपत।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज यादव ने बताया कि हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा ड्रोन इमेजिन और इनफॉरमेशन सर्विस ऑफ हरियाणा लिमिटिड (दृश्या) के माध्यम से अनुसूचित जाति के पुरूष व महिला को ड्रोन पाइलेट व ड्रोन इमेजिन ट्रेनिंग दिए जाने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं।

### अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई होगी

**पानीपत।** जिला नगर योजनाकार विभाग ने टीडीपी सुमित मलिक ने आम जनता से अपील की कि वे अवैध कॉलोनियों में भूखंड न खरीदें, क्योंकि इससे उन्हें ही नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि निजी कॉलोनाइजर पैसा बटोरकर निकल जाते हैं, लेकिन आम आदमी को परेशानी उठानी पड़ती है।

### कैबिनेट मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला के कॉन्फ्रेंस हॉल का किया उद्घाटन

# हरियाणा के विकास में नई व्यवस्थाएं खड़ी कर रहे हैं मुख्यमंत्री: कृष्ण बेदी

### जापान के प्रोजेक्टों को प्रदेश में लाकर करेंगे विकास

*कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि बिहार प्रदेश में विधानसभा चुनावों का चुनाव आयोग ने ऐलान कर दिया है, सरकार की तरफ से मेरी भी बिहार में प्रचार के लिए ड्यूटी लगाई है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जापान के प्रोजेक्टों को प्रदेश में लाकर हरियाणा के विकास में नई व्यवस्थाएं खड़ी करने की दिशा में काम कर रहे हैं। जापान द्वारा हरियाणा प्रदेश में बहुत बड़ा इन्वेस्टमेंट किया जा रहा है। इनमें से एक प्रोजेक्ट खरखौदा में मारुति का बड़ा प्लांट तैयार किया जाना है। इससे हरियाणा के उद्योग में नई क्रांति आएगी। जापान की परियोजनाओं के प्रदेश में स्थापित होने से विकास को गति मिलेगी और प्रदेश नई बुलंदियों को छूएगा। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला में आयोजित वाल्मीकि जयंती समारोह में शिरकत की।

- जापान द्वारा हरियाणा प्रदेश में बहुत बड़ा इन्वेस्टमेंट किया जा रहा है

इसके साथ ही धर्मशाला में तैयार किए गए कांफ्रेंस हॉल का उद्घाटन भी किया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि बिहार प्रदेश में विधानसभा चुनावों का चुनाव आयोग ने ऐलान कर दिया है। सरकार की तरफ से मेरी भी बिहार में प्रचार के लिए ड्यूटी लगाई है। बिहार में पहले भी एनडीए की सरकार नेतृत्व कर रही है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने सभी नागरिकों को वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं व बधाई दी।



कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी।

### जल्द ही कोचिंग सेंटर खोलेंगे

अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला के प्रधान कृष्ण श्योकंद ने कहा कि हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने आज धर्मशाला में तैयार किए गए कांफ्रेंस हॉल का शुभारंभ किया है। धर्मशाला में जल्द ही कोचिंग सेंटर खोलने के लिए एक हॉल का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही कोचिंग कक्षाओं के लिए 7-8 कमरों का निर्माण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो जरूरतमंद बच्चे चंडीगढ़-दिल्ली में कोचिंग नहीं ले पाते, ऐसे बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाओं के साथ मिलकर कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी। इस मौके पर सैनी समाज के प्रधान गुरनाम सैनी, जाट धर्मशाला के महासचिव हरिकेश सिंह सहारण, उप प्रधान बनी सिंह ढुल, कैशियर नरेंद्र नैन, संयुक्त सचिव होशियार सिंह, बारना के पूर्व सरपंच टेक चंद, प्रो भीम सिंह सहारण, गुरनाम मंगौली, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

### भगवान वाल्मीकि ने महाकाव्य रामायण की रचना कर दुनिया के नागरिकों को दिखाया जीवन दर्शन : कृष्ण बेदी



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि कुरुक्षेत्र का महर्षि वाल्मीकि मंदिर वाल्मीकि समाज की अंतर्राष्ट्रीय राजधानी बनेगा। करोड़ों वर्ष पहले भगवान वाल्मीकि ने महाकाव्य रामायण की रचना कर दुनिया के नागरिकों को जीवन दर्शन दिखाया। सृष्टि के लोगों को बताया कि व्यक्ति का व्यवहार और आचरण कैसा होना चाहिए। महर्षि वाल्मीकि दुनिया की सबसे बड़ी समरसता को लिखने वाले महापुरुष हैं। इतना ही नहीं अब महापुरुषों के नाम पर शिक्षण संस्थान स्थापित किया जा रहे हैं। देश में सनातन धर्म को दोबारा से जीवित किया जा रहा है और वर्ष 2047 तक सनातन भारत पूर्ण रूप से विकसित होगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी मंगलवार को कुरुक्षेत्र की वाल्मीकि धर्मशाला में महापुरुष सम्मान एवं विचार योजना के तहत आयोजित जिला स्तरीय महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने मंदिर में महर्षि वाल्मीकि की विधि पूर्वक पूजा अर्चना की और महर्षि वाल्मीकि मंदिर के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी का वाल्मीकि आश्रम समिति की तरफ से पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया और उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि इस सृष्टि के एक ऐसे महाकाव्य, महाग्रंथ की रचना करने वाले हैं, जिनके मुखारविंद से सृष्टि का पहला श्लोक निकला। रामायण दुनिया का एक ऐसा महाकाव्य, महाग्रंथ है, जिसकी करोड़ों-करोड़ों वर्षों के बाद भी मान्यता बढ़ी है। ऐसे त्रिकालदर्शी आदिकवि भगवान वाल्मीकि महाराज के पावन पवित्र प्रकाश उत्सव के अवसर पर उपस्थित सभी महानुभावों का दिल की गहराइयों से अभिनंदन और स्वागत है।



यमुनानगर। यमुना किनारे प्रस्ताविक रिवर फ्रंट कॉरिडोर क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोग मेयर सुमन बहमनी का स्वागत करते हुए।

# यमुना के घाटों की जल्द बदलेगी सूरत: बहमनी

- नगर निगम यमुनानगर की मेयर सुमन बहमनी ने पश्चिमी यमुना नहर पर प्रस्तावित रिवर फ्रंट कॉरिडोर क्षेत्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

पश्चिमी यमुना नहर के तटों की सूरत अब जल्द ही पूरी तरह बदलने वाली है। शहर में प्रस्तावित रिवर फ्रंट कॉरिडोर परियोजना को लेकर नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने मंगलवार को पश्चिमी यमुना नहर किनारों का निरीक्षण किया और अधिकारियों से परियोजना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी ली।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि यह परियोजना न केवल शहर की सुंदरता बढ़ाएगी। बल्कि नागरिकों के लिए एक नया पर्यटन स्थल और आस्था का केंद्र भी बनेगी। उन्होंने बताया कि नगर निगम के प्रयासों से यमुना घाटों का कायाकल्प किया जाएगा। ताकि लोग यहां न केवल धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों के लिए आ सकेंए बल्कि परिवार के साथ समय व्यतीत भी कर सकें। इस दौरान पूर्वांचल समाज के प्रतिनिधियों ने बाड़ी माजरा की ओर एक पक्का घाट निर्माण की मांग भी रखी।

### बाड़ी माजरा घाट का निरीक्षण करने के आदेश

मेयर सुमन बहमनी ने इस विषय पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मौके पर ही सिंचाई विभाग के अधीक्षक इंजीनियर आरएस मित्तल से फोन पर बात की। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर निगम और सिंचाई विभाग की संयुक्त टीम जल्द ही स्थल का पुनः निरीक्षण करे और मांग पर तकनीकी व प्रशासनिक दृष्टि से विस्तृत समीक्षा की जाए। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि यदि नियमों के अनुरूप संभव हुआ तो बाड़ी माजरा में पक्का घाट अवश्य बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नायब सरकार निरंतर शहर के विकास कार्यों को गति दे रही है।

### मिठाई व डेयरियों से सात सैंपल भरे गए

**अंबाला।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. आजाद के नेतृत्व में चार दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मिठाई और डेयरी की दुकानों से दूध, पनीर और मिठाइयों के कुल सात सैंपल भरे। इन सैंपलों को जांच के लिए करनाल लैब में भेज दिया गया है। डॉ. आजाद ने बताया कि मंगलवार को वह कैंट की महेश नगर स्थित रामबीर डेयरी पर पहुंचे थे। यहां स दूध और घी के सैंपल एकत्रित किए। इसके बाद गोकुल स्वीट्स से मिल्क केस आदि खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। वहीं सरदार स्वीट्स से मावा, बर्फी व बेसन के लड्डू के सैंपल भरे गए। इसके साथ ही बंसी हलवाई की दुकान से बीकानेरी बर्फी, पनीर के सैंपल भरे हैं। इन सैंपलों की रिपोर्ट 15 से 20 दिनों में आने का अनुमान है। इससे पहले सिटी की विभिन्न दुकानों से छह सैंपल भरे गए थे। डॉ. आजाद ने बताया कि त्योहारी सीजन शुरू हो गया है। सभी दुकानदारों को हिदायत दे दी गई है कि विभाग इस बार सक्रियता से सैंपल भरने की कार्रवाई करेगा। अगर किसी जांच में कमियां पाई गईं तो कार्रवाई होगी।

# इमिग्रेशन सेंटर संचालक के घर पर फायरिंग करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

### पुलिस टीम ने घायल आरोपी को सिविल अस्पताल में करवाया भर्ती

- उल्टी का बहाना बनाकर पुलिस की गाड़ी रूकवाकर भागने के प्रयास में पुल से कूदकर हुआ घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। सिविल अस्पताल में घायल बदमाश को लेकर पहुंची पुलिस टीम।

जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा ने साढौरा के इमिग्रेशन सेंटर संचालक के घर पर फायरिंग करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में गिरफ्तार किया गया आरोपी उल्टी करने का बहाना बनाकर पुलिस की गाड़ी से नीचे उतरकर पुल से कूदकर घायल हो गया। पुलिस ने घायल आरोपी को अस्पताल में भरती करवाया।

जानकारी के अनुसार पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा दो में तैनात एएसआई अरुण ने बताया कि गत 13 सितंबर की रात को बदमाश आदित्य ने अपने साथी बरवाला निवासी साहिल के साथ मिलकर साढौरा स्थित कच्चा किला क्षेत्र में इमिग्रेशन एजेंट नीरज के निवास पर फायरिंग की थी। जिसके बाद आरोपी फरार हो गए थे। इस मामले में आरोपी साहिल को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं दूसरे आरोपी की तलाश में पुलिस जगह-जगह छापेमारी कर रही थी। गत सोमवार को पुलिस को सूचना मिली कि फायरिंग के मामले में मुख्य आरोपी आदित्य अंबाला के शहजादपुर में घूम रहा है। पुलिस टीम सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची और आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पकड़कर यमुनानगर लाया गया। जिसे मंगलवार को एक अन्य मामले में पूछताछ के लिए पुलिस सहारनपुर-पंचकुला हाईवे पर गांव सुखपुरा के पास पहुंची। जहां पर आरोपी आदित्य ने तबीयत बिगड़ने और उल्टी करने का बहाना बनाया।

# धान की लिफ्टिंग न होने से मंडी की व्यवस्था चरमराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

घरौंडा अनाज मंडी में धान की लिफ्टिंग न होने से मंडी की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। प्रशासनिक अधिकारी लगातार राइस मिलर्स और ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठकें कर निर्देश जारी कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद लिफ्टिंग की रफ्तार बेहद धीमी बनी हुई है। मौसम की खराबी ने स्थिति को और बिगाड़ दिया है। लिफ्टिंग न होने से जहां आढ़ती परेशान हैं, वहीं किसानों के चेहरों पर भी गहरी चिंता झलक रही सरकारी आंकड़ों के अनुसार अभी तक घरौंडा मंडी में करीब 3 लाख क्विंटल धान की आवक हो चुकी है जबकि लिफ्टिंग मात्र 30 प्रतिशत ही हो पाई है।

किसानों का कहना है कि मंडी में लिफ्टिंग सुचारू न होने के कारण उनकी धान की खरीद नहीं हो रही। कई किसान पिछले दो-तीन दिनों से अपनी फसल लेकर मंडी में डटे हुए हैं, लेकिन उनकी धान न तो खरीदी जा रही है और न ही उन्हें सरकारी दर के अनुसार उचित मूल्य मिल रहा है। किसानों का आरोप है कि जब भी एजेंसी अधिकारी उनकी ढेरी का निरीक्षण करते हैं तो वे धान में नमी का बहाना बनाकर कीमत घटा देते हैं या कई बार धान को रिजेक्ट कर देते हैं। इससे किसानों की परेशानी और बढ़ गई है।





### धान खरीद में अव्यवस्था बढ़ी

सरकारी खरीद न होने से मंडी धीरे-धीरे ठप पड़ती जा रही है। मंगलवार को एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी ने मार्केट कमेटी कार्यालय में राइस मिलर्स, एजेंसी अधिकारियों और आढ़तियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि अधिक से अधिक मात्रा में धान की खरीद सुनिश्चित की जाए। साथ ही राइस मिलर्स को चेतावनी दी कि वे निर्धारित मात्रा में धान का उठान करें। एसडीएम ने कहा कि धान की लिफ्टिंग केवल ट्रकों के माध्यम से ही की जाएगी, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का उपयोग सख्त वर्जित रहेगा। गौरतलब है कि मंडी एसोसिएशन ने रविवार को धान की खरीद बंद रखने का निर्णय लिया था, ताकि लिफ्टिंग प्रक्रिया को सुचारू किया जा सके और मंडी खाली हो सके। इसके बावजूद सोमवार को भी सरकारी एजेंसियों द्वारा खरीद नहीं की गई। इसका कारण राइस मिलों द्वारा उठान न करना बताया जा रहा है। मंडी में धान लेकर आए किसानों का कहना है कि वे सोमवार सुबह से ही मंडी में अपनी फसल के साथ बैठे हैं, लेकिन अब तक उनकी धान का एक भी दाना नहीं खरीदा गया। लगातार हो रही बारिश ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा पीआर धान का समर्थन मूल्य 2389 प्रति क्विंटल तय किया गया है, लेकिन मंडी में एजेंसियां और आढ़ती नमी का हवाला देकर 1600 से 2000 प्रति क्विंटल तक खरीद कर रहे हैं। इससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों ने आरोप लगाया है कि प्रशासन, एजेंसियों और मिलर्स की मिलीभगत से धान को सस्ते दामों में खरीदने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही मंडी में अब तक डिजिटल कांटे न लगाए जाने की वजह से पारदर्शिता भी नहीं है। किसानों ने यह भी बताया कि उनकी बोरियों में तय वजन से अधिक धान भर दी जाती है, जिससे उन्हें दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है।

# सड़क हादसों में दो लोगों की हुई मौत

### पुलिस ने आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ किए मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव चौराही निवासी शीशपाल ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका चाचा 47 वर्षीय कर्मबीर दोपहर साढ़े 12 बजे अपनी बाइक से जा रहा था। जब वह व्यासपुर -लेदी रोड पर गांव के नजदीक पहुंचा तो तेज गति से बाइक लेकर आ रहे अज्ञात व्यक्ति ने उसके चाचा की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उसका चाचा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी बाइक चालक मौके से फरार हो गया।

### अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

गांव चुहड़पुर खुर्द निवासी मनीष कुमार ने बताया कि उसका पिता 65 वर्षीय सीताराम 19 सितंबर को किसी काम से जा रहा था। गांव गधौला के पास अज्ञात वाहन ने उसके पिता को टक्कर मार दी। जिससे उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा था। इलाज के दौरान उसके पिता की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

### मुनाफा कमाने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने वाला काबू

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने मुनाफा कमाने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोपी को शामिल तफ्तीश करके गिरफ्तार किया है। थाना सदर थानेसर टीम ने मुनाफा के नाम पर धोखाधड़ी करने के आरोप में जयवीर सिंह उर्फ टीटू वासी पेहवा जिला कुरुक्षेत्र को शामिल तफ्तीश करके गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चरनजीत सिंह वासी खेडी जट्टांन जिला कुरुक्षेत्र ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि दिनांक 8 सितम्बर 22 को उसके पास कुछ जानने वाले व्यक्ति आये और उससे उनकी कम्पनी में पैसे लगाकर ज्यादा मुनाफा कमाने के बारे में बताया। उन्होंने उसको बताया कि वह सब भी इसमें अपने पैसे लगाते हैं और काफी मुनाफा कमा रहे हैं।

### श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधाओं में नहीं आने दी जाएगी कोई कमी

# श्रीकपालमोचन मेले के लिए किए जा रहे पुख्ता प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- ऐतिहासिक एवं धार्मिक श्रीकपालमोचन मेला को लेकर व्यासपुर में आयोजित हुई संबंधित अधिकारियों की बैठक

ऐतिहासिक एवं धार्मिक तीर्थस्थल कपालमोचन मेला की तैयारियों को लेकर सूरजकुंड स्थित श्राइन बोर्ड कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्ष व्यासपुर के उपमंडल अधिकारी एवं मेला प्रशासन जसपाल सिंह गिल ने की। बैठक में एसडीएम ने श्रीकपाल मोचन मेला की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

एसडीएम एवं मेला प्रशासक जसपाल सिंह गिल ने बताया कि उपायुक्त एवं श्री कपालमोचन, श्री बद्री नारायण, श्री माता मंत्रा देवी, श्री केदारनाथ मंदिर धार्मिक एवं पूजा स्थल बोर्ड यमुनानगर के मुख्य प्रशासक पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन में मेला श्री कपाल मोचन आदि बद्री के आवश्यक प्रबंधों का काम जोरों पर है। उन्होंने कहा कि श्री कपालमोचन मेले में देश के विभिन्न राज्यों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां के तीनों पवित्र सरोवरों कपालमोचन सरोवर, ऋणमोचन सरोवर व सूरजकुण्ड सरोवर में क्रमवार स्नान करने के लिए आते हैं। मेला प्रशासक जसपाल सिंह गिल ने कहा कि कपालमोचन मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधाएं मिले ऐसे सभी अधिकारियों के प्रयास रहेंगे। उन्होंने बताया कि मेले में सफाई व्यवस्था, दवाईयों के प्रबन्ध, अस्थाई शौचालयों, पेयजल के प्रबन्ध, सड़कों की मरम्मत, बिजली का प्रबन्ध, खाद्य सामग्री, दूध की आपूर्ति, बैरिकेटिंग, पुलिस प्रबन्ध व अन्य प्रबन्ध समय पर पूरे कर लिए जाएंगे।



यमुनानगर। व्यासपुर में श्राइनबोर्ड कार्यालय में आयोजित बैठक में श्रीकपालमोचन मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए एसडीएम जसपाल सिंह गिल।

### यात्रियों की सुरक्षा के लिए मेले में रहेंगे पुख्ता प्रबंध

मेला प्रशासक जसपाल सिंह गिल ने बताया कि मेले में यात्रियों की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उचित प्रबन्ध पुलिस विभाग द्वारा किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पूरे मेला क्षेत्र को चार सेक्टरों में बांटा जाएगा। मेले के दौरान नशीली दवाओं व नशीली चीजों की विशेष रूप से चैकिंग की जाएगी। बैठक में व्यासपुर के डीएसपी हरविंद्र सिंह, मेला अधिकारी कम बीड़ीपीओ आस्था गर्ग, व्यासपुर के नायब तहसीलदार रविंद्र कुमार, बिजली विभाग के जेई हरिओम कश्यप, पंचायती राज विभाग के जे ई जितेंद्रए श्राईन बोर्ड के लेखा लिपिक पंकज अग्रवाल आदि रहे।

## खबर संक्षेप

### मुख्य न्यायाधीश पर हुए जूता कांड की निंदा

**करनाल।** दलित अधिकार मंच हरियाणा, जिला करनाल की बैठक हुडा कार्यालय में जिला संयोजक ओमप्रकाश सिहमार के संचालन और सह-संयोजक सुशील गुज्जर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में हाल ही में भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई पर जूता फेंकने की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की गई और दोषी वकील के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई।




### महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए

**तरावड़ी।** श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट तरावड़ी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए। विद्यालय परिसर को फूलों और दीपों से भव्य रूप से सजाया गया, जिससे यह भक्ति और प्रेरणा का केंद्र बन गया। सभी शिक्षकों व विदयार्थियों ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन और उपदेशों को नमन किया । विद्यालय निदेशक डॉक्टर राकेश शर्मा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का समाज और मानवता के लिए दिया गया संदेश आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से सत्य, धर्म और सेवा के मार्ग पर चलने का आग्रह किया।



### एचकेआरएन पोर्टल से जुड़े कर्मचारियों का प्रदर्शन

करनाल। अनुबंध कर्मचारी हेल्थकेयर रोहतक एसोसिएशन के सदस्य एचकेआरएन पोर्टल से जोड़े जाने की मांग को लेकर जिला सचिवालय के सामने धरने पर बैठे हैं। मंगलवार को धरना चौथे दिन में प्रवेश कर गया। पीजीआईएमएस रोहतक में कार्यरत 1271 कर्मचारी जून से हड़ताल पर हैं। महासचिव महेश ने बताया कि 26 अक्तूबर को रोहतक से पैदल मार्च की शुरूआत की गई थी। कर्मचारियों की मुख्य मांग है कि उन्हें एचकेआरएन पोर्टल से जोड़ा जाए और जॉब सिक्योरिटी पत्र जारी किया जाए।

## धार्मिक आयोजनों के साथ जिलेभर में महर्षि जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई

# महर्षि वाल्मीकि की रामायण का सृजन पूरी मानवता के लिए उपहारः शिवनाथ

- वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में गांव भैणीखुर्द में भव्य आयोजन
- भगवान राम के आदर्शों को अपनाने का लिया संकल्प

महर्षि वाल्मीकि जी ने मानवता को रामायण जैसा पवित्र, प्रेरणादायक और जीवन मार्गदर्शक ग्रंथ प्रदान किया, जो आज भी सत्य, धर्म और मर्यादा का अमूल्य प्रतीक है, यह अमर ग्रंथ आने वाले युगों-युगों तक संपूर्ण मानवता का पथ प्रदर्शन करता रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नीलोखेड़ी/तरावड़ी

भगवान महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में गांव भैणीखुर्द में आयोजित महोत्सव में बतौर विशिष्ट अतिथि बोलते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं नवनियुक्त मार्केट कमेटी के चेयरमैन शिव नाथ कपूर ने महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण को भारत एवं विशेषकर सनातन धर्म की आत्मा बताते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ने रामायण का सृजन केवल सनातन धर्म के लिए ही नहीं अपितु पूरी मानवता के लिए अनुपम उपहार है।।शिव नाथ कपूर ने अपने संबोधन में कहा महर्षि ने केवल रामायण की रचना ही नही अपितु माता सीता को संरक्षण ही नहीं बल्कि भगवान श्री राम के सुपुत्रों लव ओर कुश को भी धर्म की राह पर चलने व सनातन संस्कृति से युक्त संस्कार प्रदान कर भगवान राम को भी गौरवान्वित किया है।शिव नाथ कपूर ने कहा ऋषि मुनि किसी एक वर्ग या एक समाज के नहीं पूरी मानवता के लिए होते हैं इसलिए महापुरुषों की जयंतिया समस्त समाज को एकजुट होकर सामूहिक रुप से मनाई जानी चाहिए। इस अवसर पर पवन कुमार सहित पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि सतनाम आहुजा,ब्लाक समिति के चेयरमैन प्रवीण डाबरथला,वीरेंद्र सिंह, बलवान सिंह, बलकार सैनी,एडवोकेट नवीन कपूर, सुभाष वीरवाल, राहुल राणा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



तरावड़ी। कार्यक्रम मे भाग लेते मार्किट कमेटी चेयरमेन शिवनाथ कपूर।


इंद्री। महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते विधायक रामकुमार कश्यप। फोटो : हरिभूमि

### अतिथियों का आभार जताया

कार्यक्रम के संयोजक पवन कुमार तथा भाजपा नेता वीरेंद्र ने विधायक भगवान दास कबीरपंथी का आभार जताते हुए कहा कि उनके सहयोग से गांव में करीब 40लाख रुपये की लागत से विकास कार्य चल रहे है।इस अवसर पर शिव नाथ कपूर ने केंद्र सरकार एवं हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण की योजनाओं का भी जिक्र किया साथ ही अयोध्या में बनाए गए हवाई अड्डे का नाम महर्षि वाल्मीकी के नाम से अलंकृत कर यशस्वी प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा की इससे हर देशवासी गौरवान्वित हुआ है, इस नामकरण के लिए वाल्मीकि समाज ही नहीं समस्त हिंदू जगत को गर्वित महसूस करता है।

### महर्षि वाल्मीकि जी की शिक्षा दिखाती सत्य का मार्ग

इंद्री। विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने इंद्री में महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आर्शीवाद लिया । उन्होंने समाज को सत्य, मर्यादा और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। विधायक रामकुमार कश्यप ने अपने संबोधन मे कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी आदि कवि थे और भारतीय संस्कृति में उनका अविस्मरणीय योगदान है। महर्षि वाल्मीकि ने ही महान महाकाव्य रामायण का निर्माण किया, जिसके माध्यम से हमें भगवान श्रीराम के संपूर्ण जीवन और उनके आदर्शों के बारे में जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी की शिक्षाएं हमें सदैव सत्य, सेवा और संस्कार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। महर्षि वाल्मीकि जी ने मानवता को रामायण जैसा पवित्र, प्रेरणादायक और जीवन मार्गदर्शक ग्रंथ प्रदान किया, जो आज भी सत्य, धर्म और मर्यादा का अमूल्य प्रतीक है। यह अमर ग्रंथ युगों-युगों तक संपूर्ण मानवता का पथ प्रदर्शन करता रहेगा। कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी का जीवन और उनकी शिक्षाएं हमें प्रेम, त्याग, और धर्मपरायणता का मार्ग दिखाती हैं। हम सभी को महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए और समाज में भाईचारे और सौहार्द को बढ़ावा देना चाहिए।



तरावड़ी। कार्यक्रम मे भाग लेती भाविपा महिला विंग की महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### करवा चौथ के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन

**तरावड़ी।** भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी की महिला विंग की ओर से करवा चौथ के उपलक्ष्य में स्थानीय एक होटल में कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महिला विंग की अध्यक्षता काजल गोयल ने बताया कि करवा चौथ का त्योहार महिलाओं के लिए बहुत ही खास होता है। करवा चौथ का त्योहार बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ महिलाओं द्वारा मनाया जाता है। आज इस कार्यक्रम में भारत विकास परिषद शाखा के सदस्यों महिलाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। मेहंदी प्रतियोगिता और दुपट्टा सजाओ के सजाओ व डीजे की धुन पर खूब डांस मस्ती करके अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर इस अवसर में प्रतियोगिता में भाग लेने वाली महिलाओं को अव्वल आने पर इनाम देकर उनका सम्मान भी किया। काजल गोयल, भावना मिडडा, रीटा गोयल, शिखा बंसल, सीमा बंसल, अंजू बंसल, पूजा बंसल, मान्या मुंजाल रहीं।

# भ्रूण हत्या पाप ही नहीं, बल्कि जघन्य अपराध : मीनू तायल

- घर-परिवार में लक्ष्मी का रूप होती है बेटियां
- बेटियों को शिक्षित कर आगे बढ़ने के लिए करें प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तरावड़ी



तरावड़ी। परिचर्चा मे भाग लेते राजकुमार तायल व मीनू तायल।

भ्रूण हत्या पाप ही नहीं बल्कि के जघन्य अपराध भी है। और हम नवरात्रों के शुभ अवसर पर इन कन्याओं का पूजन करते हैं और कहीं ना कहीं हम दूसरे रास्ते से भ्रूण हत्या में भी शामिल हो जाते हैं। समाज में कई बार भ्रूण हत्या के मामले सुनने को मिलते है। क्यों ना इस मां के नवरात्रों में इस बात का संकल्प लें कि हम ना तो भ्रूण हत्या करेंगे ना ही होने देंगे। आज देश की लड़कियां कई ऊंचाइयों पर पहुंच कर अपने देश का नाम रोशन कर रही है। यह विचार उद्योगपति एवं समाजसेवी राजकुमार तायल एवं मीनू तायल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हर वर्ष जब भी कोई शुभ काम होता है या नवरात्रे होते हैं तो हम कन्याओं का पूजन करते हैं कि हमारे परिवार पर माता रानी अपनी कृपा बनाए रखें। भगवान हम पर इसी तरह अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखें । हम कई बार स्वार्थ में इतने अंधे हो जाते हैं कि मां के पेट में पाल रही नन्ही सी जान का ही वध कर देते हैं। हम यह मानते हैं कि अगर समाज में कन्या जन्म ना होता तो क्या हम इस तरह से धरती पर मानव चोले पर घूम रहे होते। यह वही कन्या है जिसने झांसी की रानी बनाकर देश की रक्षा की है और मदर टेरेसा ने समाज को एकता का संदेश दिया है।




### आर्य समाज मंदिर का वार्षिक उत्सव संपन्न

**करनाल।** आर्य समाज मंदिर, सेक्टर-13 का 41वां वार्षिक उत्सव आर्य केंद्रीय सभा के तत्वावधान में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। 21 कुंडीय यज्ञ का समापन यजमान आचार्य राजू वैज्ञानिक, दिल्ली ने पंडित शिव प्रसाद, मुन्ना शास्त्री, निर्मल शास्त्री और देविंदर शास्त्री के साथ किया। भजन-कीर्तन और वेद मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय हो गया। भजन उपदेशक आचार्य भूपेंद्र आर्य ने प्रभु भक्ति एवं ऋषि भक्ति के भजनों से उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। मुख्य अतिथि संजय बठला, चेयरमैन कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड ने कहा कि आर्य समाज के कार्यक्रम में भाग लेकर विद्वानों के विचार सुनना आत्मा को आनंद प्रदान करता है। आचार्य राजू वैज्ञानिक ने कहा कि जीवन की डोर परमात्मा के हाथों में छोड़ना चाहिए और समाज के कल्याण के कार्यों में अपने जीवन को समर्पित करना चाहिए। उन्होंने आत्मबल, आत्मज्ञान और आत्मविश्वास के महत्व पर जोर दिया।

# श्रीराम का निरंतर स्मरण करने वाला व्यक्ति जन्म-मरण के चक्र से हो जाता मुक्तः स्वामी

- माता राम प्यारी मंदिर में भव्य रामकथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल



सदर बाजार स्थित उत्तम औषधालय माता राम प्यारी मंदिर में चल रहे 48वें कार्तिक कथा महोत्सव में जम्मू से पधारे श्री श्री 1008 स्वामी सुखसागर जी महाराज ने अपने दिव्य प्रवचनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि श्रीराम नाम सबसे बड़ा संबल है, जिसका निरंतर स्मरण करने वाला व्यक्ति जीवन के जन्म-मरण के चक्र से मुक्त होकर मोक्ष प्राप्त करता है। स्वामी सुखसागर जी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि राम नाम का जाप उठते-बैठते, खाते-पीते, जागते-सोते हर समय करना चाहिए। ऐसा करने से व्यक्ति का जीवन सफल होता है और उसमें आत्मिक शक्ति का संचार होता है। कथा स्थल पर जब स्वामी जी ने राम नाम का महत्व बताया तो अनेक श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

### स्वामी चेतन देव, शेखर शर्मा ने प्रवचन किया

कथा के दौरान स्वामी चेतन देव ने कार्तिक मास की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए धर्ममार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। वहीं, पंडित शेखर शर्माने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में समय के नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए और अंतर्ध्यान सिमरन के साथ कथा श्रवण करना चाहिए। कमेटी के प्रधान भारत भूषण काकू के संचालन में हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें वैद्य देवेंद्र बत्रा, उनकी धर्मपत्नी दर्शना बत्रा सहित श्रद्धालुओं ने आहुति डालकर मंगलकामना की।

**सेवाभाव** | इस साल अब तक लगभग 96 लोगों के ऑपरेशन ट्रस्ट करवा चुका

मानव सेवा दल के प्रधान पंकज गोयल जरूरत मंद लोगों की सेवा के लिए रहते हैं सदैव तत्पर

# मानव सेवा दल आंखों के अस्पताल में किए जा चुके हैं सैकड़ों ऑपरेशनः पंकज

- प्रत्येक शनिवार को शुगर टेस्ट नि:शुल्क किए जाते है
- हजारों मरीज उठा चुके स्वास्थ्य सेवाओं को लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तरावड़ी.


तरावड़ी। मानव सेवा दल के अध्यक्ष पंकज गोयल जानकारी देते हुए।


तरावड़ी। स्व : सेठ कश्मीरी लाल गोयल व स्व : लाला सतपाल गोयल।

ऐसे संसार में बहुत ही कम व्यक्ति जन्म लेते हैं जिन्हें भगवान पैसा एवं शोहरत देने के साथ-साथ समाज की सेवा करने का भी सौभाग्य प्राप्त होता है। उन भाग्यशाली परिवारों में 521 बासमती चावल के निर्माता स्वर्गीय लाल कश्मीरी लाल गोयल का परिवार भी शामिल है। तरावड़ी में शहर के दानी लोगों के सहयोग से वर्ष 1978 में जब मानव सेवा दल की स्थापना हुई थी तो उसके कुछ ही वर्षों के बाद मानव सेवा दल का प्रधान पद स्वर्गीय लाला कश्मीरी लाल को सौंप दी गई थी। उन्होंने शहर में गरीब व असहाय लोगों के इलाज व आंखों के आप्रेशन करवाने की पहल की। उनके रहते शहर सैंकड़ों लोगों के आंखों के आप्रेशन हुए। प्रधान पद पर रहते उनका अचानक निधन हो गया। उनके स्वर्गवास के बाद शहर के लोगों ने इस परिवार की भावनाओं को एवं सेवा को देखते हुए उनके पुत्र सतपाल गोयल को इस मानव सेवा दल का अध्यक्ष बनाकर कमान सौंप दी।

### सैकड़ों के करवाएं नि:शुल्क ऑप्रेशन

उन्होंने बताया कि वे अपने पिता के पद चिन्हों पर चलकर इस समाज सेवा को जारी रखा। इस पद के दौरान उनका भी अचानक निधन हो गया। उनके निधन के बाद मानव सेवा दल की कमान सतपाल गोयल के पुत्र पंकज गोयल सौंप दी गई। स्वर्गीय कश्मीरी लाल सतपाल गोयल का परिवार पिछले लंबे समय से मानव सेवा दल के अध्यक्ष पद पर रहकर जनता की सेवा कर रहा हैं। इसी परिवार के द्वारा उस दौर मे गरीब लोगों के सैंकड़ो आंखों के फ्री ऑपरेशन करवाए। सतपाल गोयल ने लंबे समय तक मानव सेवा दल में रहकर गरीब परिवारों की सेवा की। अब इसकी कमान उनके सुपुत्र पंकज गोयल संभाली हुई है। उन्होंने कुछ माह पहले इसमे एक चैरिटेबल लेबोरेटरी की शुरुआत की है। जिसमे रियायती दरों पर टैस्ट किये जाते हैं और प्रत्येक शनिवार को शुगर टेस्ट फ्री किये जाते है। गौरतलब है कि लाला सतपाल गोयल ने अपने जीवन की शुरूआत चावल के छोटे से व्यवसाय से की थी। इसके बाद उन्होंने अपनी मेहनत के बलबूते पर व्यापार जगत ने जिले करनाल में एक अलग ही पहचान बनाकर सफलता प्राप्त की। वर्तमान मानव सेवा दल के प्रधान पंकज गोयल ने कहा सेठ कश्मीरी लाल सतपाल गोयल चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से शहर व आसपास कस्बों मे सामाजिक व धार्मिक कार्यों में सहयोग किया जाता है।

### सीग्राम ने त्योहारी अभियान शुरू किया

**करनाल।** सीग्राम के रॉयल स्टैग पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने त्योहारी अभियान शुरू किया। अभियान के तहत एआई-संचालित व्यक्तिगत शुभकामना संदेश और कस्टमाइज्ड उत्सवी सुझाव उपलब्ध कराए जाएंगे। इस पहल के माध्यम से उपभोक्ता रोहित शर्मा के साथ व्यक्तिगत वीडियो शुभकामना संदेश बना सकते हैं। 3D फेस्टिव मैप और ए आर इंटरैक्टिव अनुभव इसे और अधिक जीवंत बनाते हैं। भारत के टी20 कप्तान सूर्य कुमार यादव भी विशेषज्ञ सुझाव देने में भागीदारी कर रहे हैं। ईनिल के सीईओ यतीश महर्षि ने कहा कि त्यौहार संस्कृति और अभिव्यक्ति का माध्यम हैं और संगीत तथा तकनीक इन अनुभवों को और यादगार बनाते हैं। यह अभियान युवाओं को उत्सवों को बड़े पैमाने पर और व्यक्तिगत रूप से जीने के लिए प्रेरित करता है।

## न्यूज डायरी



### श्री कृष्ण गोशाला में पूर्णिमा पर हवन का आयोजन

**करनाल।** श्री कृष्ण गौशाला में शरद पूर्णिमा के अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। मुख्य यजमानों के रूप में राम कुमार गुप्ता, मनमोहन शर्मा, हृषिल गर्ग और बृजलाल गर्ग ने परिवार सहित भाग लिया। गौशाला प्रधान सुनील गुप्ता ने कहा कि शरद पूर्णिमा पर हवन, स्नान और दान से परिवार में सुख-समृद्धि आती है। परंपरा के अनुसार इस दिन चंद्रमा सोलह कलाओं से पूर्ण होता है और खुले आसमान के नीचे रखी खीर को अगले दिन अमृत मानकर ग्रहण करना शुभ होता है। महासचिव राम कुमार गुप्ता ने बताया कि गौशाला में गौवंश के इलाज के लिए निशुल्क चिकित्सालय संचालित है। इस अवसर पर गुरदयाल अग्रवाल, दुलियाराम शर्मा, प्रदीप गुप्ता, बलबीर लाठर, राजेश सिंगला और जे.पी. सिंह सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।



### दयाल सिंह पब्लिक स्कूल ने क्विज प्रतियोगिता जीती

**करनाल।** दयाल सिंह पब्लिक स्कूल मेन ब्रांच के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय देते हुए 'एक्वा रेजिया - स्कूल क्विज' के सिटी फाइनल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन टी.आई.एम.ई. संस्थान द्वारा पंचायत भवन, महाराजा अग्रसेन चौक में किया गया। स्कूल की टीम ने न केवल पहला स्थान पाया बल्कि ₹3100/- की नकद राशि और विजेता ट्रॉफी भी हासिल की। साथ ही कक्षा 12 के विवेक और कक्षा 10 के तनिश को व्यक्तिगत ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। प्राचार्या सुषमा देवगन और मुख्य अध्यापिका प्रिया कपूर ने विजेताओं को बधाई देते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी ऐसे ज्ञानवर्धक आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। अब विद्यालय की विजेता टीम हिसार में होने वाले रीजनल फाइनल राउंड में करनाल का प्रतिनिधित्व करेगी।



### गांव सांभली में वाल्मीकि जयंती पर कुश्ती दंगल

करनाल। भगवान वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में गांव सांभली में भगवान वाल्मीकि सेवा समिति ने भव्य कुश्ती दंगल का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में डीएवी कॉलेज करनाल के राजनीतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. बलराम शर्मा पहुंचे। समिति सदस्यों ने उनका स्वागत माल्यार्पण और स्मृति चिन्ह देकर किया। डॉ. शर्मा ने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने शिक्षा, परिश्रम, सत्य और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अनुशासन और समर्पण को अपनाना चाहिए। उन्होंने कुश्ती जैसे पारंपरिक खेलों को युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए उपयोगी बताया। आयोजन में अभिषेक कुमार, प्रदीप कुमार, अशोक कुमार, बिट्टू सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।



### दो अध्यापकों को ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड

**करनाल।** श्रीनगर की वादियों में आयोजित इंटरनेशनल टीचर वीक के दौरान राह ग्रुप फाउंडेशन द्वारा करनाल के दो सरकारी प्राध्यापकों को ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अरड़ाना के गणित प्रवक्ता जितेंद्र शर्मा और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री के रसायन प्रवक्ता डॉ. ऋषि पराशर शामिल रहे। जितेंद्र शर्मा को शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान और सामाजिक सेवा में योगदान के लिए तथा डॉ. पराशर को शिक्षा स्काउट क्षेत्र में विशेष योगदान हेतु सम्मानित किया गया। राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड ने उन्हें स्मृति चिन्ह और प्रशंसा पत्र प्रदान किया।


तरावड़ी। होटल मे नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता का स्वागत करते हुए।

### आढ़ती एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बने सुभाष गुप्ता

**तरावड़ी।** सुभाष गुप्ता को अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन का जिलाध्यक्ष चुना गया है। जिले की सभी अनाज मंडियों के प्रधानों की बैठक निजी होटल में हुई। बैठक में कुंजपुरा मंडी के प्रधान संजीव चौधरी को उप-प्रधान की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में अनाज मंडियों से जुड़े अनेक मुद्दों और व्यापारिक चुनौतियों पर चर्चा की गई, जिसके बाद सर्वसम्मति से सुभाष गुप्ता को जिलेभर की एसोसिएशन की कमान सौंपने का निर्णय लिया गया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने कहा कि यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि मुझे जिलेभर के आढ़तियों ने यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। मैं सभी मंडियों के प्रधानों और आढ़ती भाइयों को साथ लेकर काम करूंगा और व्यापार से जुड़ी सभी समस्याओं के समाधान के लिए हर स्तर पर प्रयास करूंगा।



### राजेश ढीगड़ा बने एलुमिनी क्लब के जिला अध्यक्ष

**करनाल।** करनाल के चार सितारा होटल में जेसीआई एलुमिनी क्लब की ओर से आयोजित एक भव्य समारोह में समाजसेवी राजेश ढीगड़ा को नवनियुक्त जिला अध्यक्ष के रूप में शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजली गुप्ता बत्रा और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शैली चैधरी ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। हरियाणा जोन के अध्यक्ष जितेन्द्र पहुजा ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजेश ढीगड़ा, सचिव राकेश गुप्ता और खचांची रेनू वधवा को बधाई दी और आगामी समय में समाज के प्रति उत्कृष्ट कार्य करने की शुभकामनाएं दीं।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने कट्टे के साथ आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने हुडा सेक्टर 18 के गंदा नाला पुलिया के पास से सोनू पुत्र श्यामलाल निवासी वधावाराम कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोनू के पास से अवैध देसी पिस्तौल बरामद किया है। सीआईए वन प्रभारी संदीप ने बताया कि आरोपी को देसी पिस्तौल पुराने कपड़ों की गाठ में मिला था। आरोपी सोनू के खिलाफ थाना हुडा सेक्टर 13/17 में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया कर बरामद हथियार केस की जांच के लिए इंपाउंड कर लिया है।

### कार को बस ने टक्कर मारी

**इसराना।** पानीपत-रोहतक हाईवे पर एनसी मेडिकल कॉलेज के पास निजी बस ने आगे चल रही इनोवा कार को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में इनोवा सवार बाल बाल बच गए। इधर, टक्कर लगने से कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इधर, कार सवार रोहतक निवासी संजय कुमार की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर नमन

**पानीपत।** पानीपत के गांव पुठर में महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर आयोजित भंडारे और कार्यक्रम में इनेलो जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी ने शिरकत की। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि को नमन करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि महान विद्वान, वेदज्ञाता और महाकवि थे। इसलिए उन्हें आदिकवि के नाम से भी पुकारा जाता है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच कृष्ण भोकर, सुभाष निंबरी,सुरेन्द्र , सलमान, पंकज व मोहित आदि उपस्थित रहे।

### इग्नू ने दाखिले की तिथि बढ़ाई

**पानीपत।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू ), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने जुलाई 2025 सत्र के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 15 अक्टूबर कर दिया है। यह जानकारी इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने दी। डॉ. धर्मपाल ने बताया कि यह तिथि विस्तार उन सभी पाठ्यक्रमों पर लागू होगा जो सर्टिफिकेट प्रोग्राम्स को छोड़कर डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के अंतर्गत आते हैं।

### बच्चों के लिए आर्ट क्राफ्ट एवं आत्मरक्षा शिविर लगाया

**पानीपत।** राष्ट्रीय सनातन सेना भारत की हरियाणा महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष बबीता सिंह ने बताया कि पाइट संस्कृति विद्यालय प्रबंधन के सहयोग से संगठन द्वारा शीघ्र ही निराश्रित बच्चों के लिए विद्यालय में आर्ट एंड क्राफ्ट एवं आत्मरक्षा शिविर आयोजित किए जाएंगे। वहीं शिविर लगाने में राष्ट्रीय सनातन सेना की सीमा जून, पूनम पूनिया, ऊषा सैनी, मेघा तनेजा, नीलम गखड़, बबीता भारद्वाज, मीनू अहलावत, गुलशन हंस आदि सहयोग देगी।

### पुलिस टीम ने लूट का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने राहगिरों से लूट व स्नेचिंग करने वाले गिरोह के एक आरोपी गौरव उर्फ गोरा पुत्र बलबीर निवासी गांव कुराना जिला पानीपत को पैप्सी पूल के पास से गिरफ्तार किया।

## वाल्मीकि ने मानवता और करुणा का संदेश दिया

# गांव सिवाह में धूमधाम से मनाई वाल्मीकि जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत सरपंच एसोसिएशन के जिला प्रधान एवं गांव सिवाह के सरपंच आर्य रणदीप कादियान ने कहा कि रामायण महाकाव्य के रचयिता महर्षि वाल्मीकि ने मानवता, करुणा व समरसता का संदेश दिया। महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाएं आज के आधुनिक जमाने में भी प्रासंगिक है। हमें उनसे शिक्षा लेनी चाहिए व उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में धारण करना चाहिए। आर्य रणदीप कादियान बतौर मुख्य अतिथि मंगलवार को गांव सिवाह की वाल्मीकि चौपाल में वाल्मीकि समाज द्वारा आयोजित महर्षि वाल्मीकि जयंती पर ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।



पानीपत। गांव सिवाह में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सरपंच आर्य रणदीप कादियान को स्मृति चिन्ह देते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### सरपंच को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

कार्यक्रम में पहुंचने पर आर्य रणदीप कादियान सरपंच का कार्यक्रम के आयोजक राजेंद्र वाल्मीकि व रवि ब्लाक समिति सदस्य सहित अन्य ग्रामीणों ने स्वागत किया। आर्य रणदीप कादियान ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि तपस्वी एवं आदर्श ऋषि थे। महर्षि वाल्मीकि ने धर्म को केवल पूजा-पाठ तक ही सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे जीवन की हर परिस्थिति में सत्य एवं कर्तव्य पालन से जोड़ने का काम किया। हरियाणा सरकार द्वारा महापुरुषों की जयंतियों को सरकारी तौर पर मनाना भाजपा सरकार का सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम को समाजसेवी संदीप कादियान व प्रदीप कुमार पंच ने भी संबोधित किया। आर्य रणदीप कादियान सरपंच को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



पानीपत। गांव आसन में महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव पर राजिंदर ज़ैलदार को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

## महर्षि वाल्मीकि सनातन संस्कृति के महान ऋषि

### आसन कला गांव में महर्षि वाल्मीकि के प्रकटोत्सव पर यज्ञ व भंडारा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव आसन कला में महर्षि वाल्मीकि के प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य पर हवन क्रर भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम में इनसो नेता व ब्लॉक समिति सदस्य राजिंदर ज़ैलदार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। वहीं, ज़ैलदार ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि सनातन संस्कृति के महान ऋषि है। उन्होंने संस्कृत भाषा में महान रामायण महाकाव्य की रचना की, जो हिंदू धर्म का एक अमूल्य ग्रंथ है।

उन्होंने कहा कि यह दिवस हमें महर्षि वाल्मीकि के जीवन से प्रेरित होकर नेक कार्य करने और अपने जीवन में सकारात्मकता लाने की प्रेरणा देता है इस अवसर पर वाल्मीकि समिति प्रधान बलजीत, बालकिशन, कैशियर बंसीलाल, वीरेंद्र, धीर सिंह, रवि किरण, रणधीर आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षा मंत्री ने शिक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- सरकारी स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं और गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया

हरियाणा शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने शिक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। जिसका मुख्य उद्देश्य जिला में सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों संख्या बढ़ाना और जिले को जीरो ड्रोप आऊट बनाना है। डीईओ राकेश बूरा और शिक्षा रथ टीम ने सुबह-शाम और छुट्टी वाले दिन लगातार शहर और गांव में जाकर घर-घर बच्चों और अभिभावकों को सरकारी स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं और गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। जिसके परिणामस्वरूप आज जिले में पिछले वर्षों से दस हजार ज्यादा छात्र संख्या बढ़ गई। शिक्षा रथ टीम के सारथी और पानीपत कब डीओसी हरिओम ने बताया कि डीईओ राकेश बूरा और शिक्षा रथ टीम की सबसे बड़ी उपलब्धि और ऐतिहासिक लाभ हमें सबसे ज्यादा जून महीने में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिवाह के प्राचार्य सुरेन्द्र कादियान संग मिलकर काम करने से मिला। डीईओ राकेश बूरा और प्राचार्य सुरेन्द्र कादियान के प्रयास से हरियाणा राज्य में ये पहला ऐसा उदाहरण और नेक कार्य हुआ जिसके अंतर्गत जिन बच्चों ने कभी स्कूल नहीं देखा था।

## शातिर चोर पकड़े, 10 वारदातों का खुलासा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने सूने मकानों से नगदी व गहने चोरी करने वाले दो शातिर चोरों सन्नी उर्फ गगोहिया निवासी शिव चौक सनौली रोड व दिलशाद उर्फ नोनू निवासी बलजीत नगर को गिरफ्तार किया है। आरोपी दिन में सूने मकानों की रेकी कर रात के समय चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों से चोरी की 10 वारदातों को खुलासा हुआ है। डीएसपी सतीश वत्स ने बताया कि दोनों आरोपियों ने थाना चांदनी बाग क्षेत्र में चोरी की आठ व किला थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात करना स्वीकारा है। चोरी के सभी मामलों में मुकदमें दर्ज है। वहीं डीएसपी वत्स ने बताया कि सन्नी उर्फ गगोहिया कुख्यात अपराधी है और इस पर विभिन्न थानों में 22 केस दर्ज है। जबकि आरोपी दिलशाद उर्फ नोनू पर नौ केस दर्ज है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दोनों को कोर्ट से पांच दिन के रिमांड पर लिया है।

**आरोपी दिन में सूने मकानों की रेकी कर रात के समय चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे**

## सफाई मित्रों को सम्मानित किया

**पानीपत।** पंचायत विकास मंत्री पंवार ने कहा कि वे स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें इस पावन अवसर पर समाज के बीच आने का अवसर मिला। वाल्मीकि समाज ने राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। स्वच्छता, सेवा और समर्पण की भावना इस समाज की विशेष पहचान है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का मंत्र समाज के प्रत्येक वर्ग तक समान अवसर पहुंचा रहा है। मंत्री पंवार ने कहा कि हरियाणा सरकार ने अनुसूचित जातियों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। सरकार सफाई कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए भी प्रतिबद्ध है। ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर पांच लाख तथा सीवरेज कार्य के दौरान मृत्यु पर दस लाख रुपए तक की बीमा राशि दी जाती है।

## सरकार की योजनाओं का व्याख्यान किया



**पानीपत।** प्राण रत्नाकर ने कहा कि वाल्मीकि केवल कवि या ऋषि ही नहीं, एक महान शिक्षक भी थे। उन्होंने लव और कुश को न केवल वेद-वेदांगों की शिक्षा दी, बल्कि रामायण की कथा भी सिखाई। बालकों को नैतिक शिक्षा, शौर्य और विनम्रता का पाठ भी पढ़ाया। कार्यक्रम के समापन पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं निगम कमिश्नर डॉ. पंकज ने सभी का आभार प्रकट किया। इस मौके पर भाजपा के एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविंद्र तुषामड, पानीपत पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र सिंह, एसडीएम मनदीप कुमार, नायब तहसीलदार सौरभ शर्मा, जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी सुनील बसताड़ा, जिला कल्याण अधिकारी जयपान सिंह, सुभाष कबीरपंथी, अमित, बिजेंदर, राजू पहलवान,मनोज जोगी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की टीम ने शानदार प्रस्तुति देकर सरकार की योजनाओं का व्याख्यान किया।

## इंसान के जीवन का पहला सुख निरोगी काया : डॉ. शर्मा

- कैंप के दौरान 309 मरीजों की रजिस्ट्रेशन की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

समाज सेवा समिति अस्पताल में समाज सेवी हकीकत राय के सौजन्य से मुफ्त मेडिकल जांच कैंप लगाया गया। वहीं, कैंप दौरान डॉ.अंकुर गुप्ता ने आंखों, डॉ. ज्योति ने स्त्री रोगों, डॉ. जितेन्द्र त्यागी ने सामान्य रोगों, डॉ. अंजलि शर्मा ने दांतों के मरीजों की मुफ्त चेकअप करते हुए जरूरी मरीजों का इलाज भी किया गया। वहीं अंजलि शर्मा ने कहा कि निरोगी काया इंसान के जीवन का पहला सुख होता है। वहीं, कैंप के दौरान 309 मरीजों की रजिस्ट्रेशन की गई। इनमें आंखों के 140, सामान्य बीमार 55, स्त्री रोग 45, दांत रोग 27, शुगर के 42 मरीजों की जांच की गई। वहीं, कैंप संबंधित जानकारी देते हुए समाज सेवा समिति अस्पताल के पूर्व प्रधान श्रीप्रकाश बंसल ने कहा कि इलाके अंदर लोगों को बीमारियों के चेकअप के लिए अक्सर ही बाहर जाना पड़ता है। इस लिए अस्पताल द्वारा प्रयास करते हुए मुफ्त मेडिकल जांच कैंप लगाया गया ताकि मरीजों की जांच हो सके और उनको इलाज संबंधित जानकारी मिल सके। इस अवसर पर हकीकत राय, दीपक चोपड़ा, श्यामलाल गोयल, राकेश बंसल, रमेश बंसल, संजय गुप्ता, इंदर कुमार, ज्ञान चंद, राजीव गोयल, नीरज गोयल, दिलावर, मैनेजर सतपाल आदि उपस्थित रहे।



समालखा। समाज सेवा समिति अस्पताल में कैंप का शुभारंभ करते हुए अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

## वाल्मीकि ने मानवता, समरसता का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- जीएसटी घटाने का लाभ गरीबों को मिल रहे

हरियाणा के विकास, पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने मंगलवार को जिला सचिवालय सभागार में महर्षि वाल्मीकि जयंती दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि न केवल आदि कवि थे, बल्कि उन्होंने भारत की आत्मा को शब्दों में पिरोया। रामायण जैसे कालजयी महाकाव्य के रचयिता महर्षि वाल्मीकि ने मानवता, करुणा और समरसता का संदेश दिया, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। मंत्री पंवार ने कहा कि सरकार का महापुरुषों की जयंतियों को सरकारी तौर पर मनाने का हर जगह स्वागत किया जा रहा है। उनके नाम पर संस्कृत विश्वविद्यालय की शुरुआत की है। डॉ.बीआर अंबेडकर के नाम पर हॉस्टल बनाया गया है। उन्होंने कहा कि हमें उनसे शिक्षा लेनी चाहिए व उनको अपने जीवन में धारण करना चाहिए। हम ऐसे गुरुओं के वंशज हैं जिनसे हमें प्रेरणा मिली है और आगे बढ़ने का मार्ग मिला है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वो बच्चों को शिक्षित करें क्योंकि देश शिक्षा से ही आगे बढ़ेगा पहचान बढ़ेगी ,समाज बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 में देश फिर से विश्व गुरु बनेगा। पीएम नरेंद्र मोदी के प्रयास इस दिशा में सार्थक साबित हो रहे हैं। मंत्री पंवार ने कहा कि जीएसटी घटाने का लाभ गरीबों को निश्चित रूप से मिल रहा है।

### बारिश से मौसम हुआ सुहाना

**पानीपत।** पानीपत में मंगलवार को सुबह से लेकर शाम तक रूक रूक का बारिश होती रही। वहीं बारिश से जहां खेतों से धान की कटाई रूक गई। वहीं उमस भरे मौसम से नागरिकों को राहत मिली। स्मरणीय है कि उमस बढ़ने से नागरिकों को परेशानी हो रही थी। इधर, बारिश रूकने के बाद हवा बहने से नागरिकों को हलकी ठंडक अहसास हुआ। बारिश से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। लोगों ने कुलर, एसी बंद कर दी।

### बैठक में बेटियों को शिक्षित करने पर चर्चा

**पानीपत।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के जिला कार्यवाह धर्मेंद्र देशवाल ने कहा कि भारत की ताकत इसकी सांस्कृतिक विविधता और एकता में निहित है। वहीं, सभी समुदाय एक साथ चलें, तो भारत को विश्व गुरू व आर्थिक रूप से सबसे मजबूत बनाया जा सकता है। देशवाल, मंगलवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की बैठक में हिंदू और मुस्लिम समुदाय के बीच एकता और सौहार्द्र विषय पर संबोधन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम सभी जय हिंद पहले बोलते है, जय हिंद देश का नारा है। यह किसी हिंदू और मुस्लिम का नारा नहीं है। उन्होंने कई बिंदुओं पर विस्तार से बताया। बैठक में जिला संयोजक मोहसिन, सह संयोजक नौशाद भाटी, सादीन को बनाया गया। वहीं, बैठक में बेटियों को शिक्षित करने पर चर्चा हुई। जबकि सह संयोजिका महिला प्रकोष्ठ शहनाज फैजल ने कहा कि शिक्षा समाज की रीढ़ है। वहीं, हर लड़की को स्नातक स्तर तक की पढ़ाई अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में मुस्लिम समाज ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अनेक लोगों ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

## ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की



पानीपत। गांव भाऊपुर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच करती डॉक्टर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

- स्वास्थ्य के प्रति हमेशा जागरूक रहें : डॉ . कालिया

एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल इसराना एवं ग्राम पंचायत भाऊपुर की तरफ से गांव भाऊपुर की एससी चौपाल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप लगाया गया। जिसमें ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। सरपंच सुन्दर ने कहा एनसी मेडिकल अस्पताल हमारे क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहा है। वहीं एनसी मेडिकल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ.एनके कालिया ने बताया यह अस्पताल स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय लाला नेमीचंद के नाम है। जिनका सपना था ग्रामीण आंचल के लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवा देना। अस्पताल समय-समय पर क्षेत्र में फ्री हेल्थ चेक कैंप लगाकर लोगों की सेवा कर रहा है। इसके अलावा अस्पताल में बहुत कम रेट में अनुभवी डाक्टरों द्वारा हर प्रकार की बीमारी का इलाज किया जाता है। इस अवसर पर डॉ.शिवानी, डॉ.हरितिकी, डॉ.तरुण, डॉ.सुशांत, पीआरओ हेड सतीश जागलान, पवन, जयसिंह व निर्मल आदि मौजूद रहे।

## दुनिया भर से आए युवाओं ने पानीपत के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया

# युवाओं ने मानवता की सेवा का संकल्प लिया

- महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर गहन चर्चा की
- प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र व प्रशंसा पत्र प्रदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

राष्ट्रीय एकता, विश्व शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित ग्लोबल यूथ फेस्टिवल का समापन हो गया। वहीं, युवा प्रतिभागियों ने पानीपत के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक स्थलों का भ्रमण किया। मुख्य बाजार में शांति मार्च निकाला तथा समापन सत्र में महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर गहन चर्चा की। यह आयोजन गांधी ग्लोबल फैमिली, संत निरंकारी मिशन तथा नेशनल यूथ प्रोजेक्ट के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। फेस्टिवल के दूसरे चरण में युवाओं ने पानीपत के प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थलों का दौरा किया।युवाओं ने मानवता की सेवा का संकल्प लिया।



पानीपत। हजरत बू अली कलंदर साहब की दरगाह पर पहुंचे देश विदेश से आए युवा। फोटो :हरिभूमि

### रैली का आयोजन किया

भ्रमण के बाद मुख्य बाजार में एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली के राजघाट समाधि के सचिव रजनीश कुमार ने युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने महात्मा गांधी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सत्य और अहिंसा आज के दौर में भी विश्व शांति की कुंजी हैं। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण.पत्र तथा प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। सामान्य सचिव राम मोहन राय ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस फेस्टिवल में कॉर्डिनेटर आद्या त्यागी, दिव्या कपूर,पूजा सैनी, स्पर्श वर्मा, श्वेता डावर, अरविंद डावर, मधु यादव, रोजी चावला, सोनिया गर्ग, आरती दूबे, सोनी, श्रुति, डॉली अवस्थी, राजेंद्र आदि का विशेष सहयोग रहा।

## ज्ञान का मंदिर होता है शिक्षण संस्थान

### बीसीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के स्वागत के लिए कार्यक्रम हुआ आयोजन



पानीपत। आईबी कॉलेज के प्राचार्या डॉ . शशि प्रभा मलिक, नव विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा बीसीए प्रथम के विद्यार्थियों के स्वागत के लिए कार्यक्रम हुआ। जिसका शुभारंभ प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, उप-प्राचार्या डॉ. किरन मदान, विभागाध्यक्ष डॉ. विक्रम कुमार, कोऑर्डिनेटर प्रो अश्वनी गुप्ता, लाइब्रेरियन डॉ. प्रवीन कुमार, डॉ. राजेश कुमार, प्रो. विनय भारती, डॉ. नीतू, प्रो प्रीति मलिक, प्रो. पूजा, प्रो. नीरू, प्रो. मोहित, प्रो. तमन्ना, प्रो गिन्नी, प्रो. अजय ने किया। जबकि प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि विद्यार्थियों को आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ आगे बढ़ना चाहिए। वहीं, कॉलेज सिर्फ एक इमारत नहीं है, बल्कि ज्ञान का एक मंदिर है, जहां इन विद्यार्थियों की आशाओं, सपनों और आकांक्षाओं को पंख लगेंगे। इधर, बीसीए प्रथम वर्ष से मिस फ्रेशर का खिताब प्रियंका को तथा मिस्टर फ्रेशर का खिताब हर्षित को, बीसीए द्वितीय वर्ष से ज्योति को मिस ऑलराउंडर एवं जुनेद को मिस्टर ऑलराउंडर का खिताब मिला।

## खबर संक्षेप

### चूरापोस्त सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव क्षेत्र नजदीक डीआरएम स्टेडियम के पास से नशा तस्करी के मामले में पुलिस ने सूचना के आधार पर आरोपी सुखविंद्र सिंह उर्फ छिंदा को 11 किलो 500 ग्राम डोडा चूरापोस्त व मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी को तीन दिन के रिमांड पर लिया है। एएनसी निरीक्षक ऋषि पाल ने बताया कि पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। इसी आधार पर नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया गया। तलाशी लेने के दौरान उसके कब्जे से चूरापोस्त जब्त किया गया।

### क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढाने का झांसा दे ठगी

**जींद।** बैंक कर्मी बन कर क्रेडिट कार्ड की लीमिट बढ़ाने का झांसा देकर साइबर ठग ने एक व्यक्ति को एक लाख 46 हजार रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बहबलपुर निवासी सुखबीर ने पुलिस को शिकायत दी है।

### आज दो घंटे बंद रहेगी बिजली की सप्लाई

**जींद।** 132केवी नरवाना ओल्ड पावर हाऊस में मुरम्मत के कार्य के चलते बिजली सप्लाई आठ अक्टूबर को दो घंटे बंद रहेगी। अधीक्षक अभियंता एमएल रोहिला ने बताया कि साढ़े 10 से साढ़े 12 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रखी जाएगी। फीडर से जुड़े रेलवे रोड, पतराम रोड, पतराम कोर्ट रोड, अस्पताल, न्यू बस स्टैंड आदि एरिया की सप्लाई बंद रहेगी।

### रंजिशन हमला करने पर चार के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव हाट में रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हाट निवासी अनिल ने शिकायत में बताया कि उसकी गांव के ही बिंदर से कहासुनी हो गई थी। उसी रंजिश के चलते बिंदर ने अपने परिजनों के साथ मिल कर उसे पर हमला कर दिया।

### मंत्री विज 10 को लेंगे कष्ट निवारण समिति की बैठक

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि 10 अक्टूबर को दोपहर 12:00 बजे आरकेएसडी कॉलेज के हॉल में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। अध्यक्षता प्रदेश के परिवहन, ऊर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज करेंगे। बैठक में सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहेंगे, ताकि बैठक में रखे गए सभी समस्याओं एवं परिवादों का मौके पर समाधान हो सकें।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** भिवानी रोड से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। भिवानी रोड निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत एक अक्टूबर को उसकी बहन घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बहन का कोई सुराग नही लगा। शहर थाना पुलिस ने युवक की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## ट्विन सिटी में उत्साह के साथ मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती

# भगवान महर्षि वाल्मीकि उच्च कोटि के कवि और रामायण के रचयिता थेः बंतो कटारिया

**मंदिरों में पूरे दिन लगा रहा तांता, जगह-जगह लगे लंगर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला


अंबाला। भगवान वाल्मीकि महाराज का आशीर्वाद लेती बंतो कटारिया व अन्य।

ट्विन सिटी में मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। इसको लेकर कई भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें गणमान्य लोगों ने महर्षि वाल्मीकि का आशीर्वाद लिया। जयंती समारोह के दौरान लंगर की भी विशेष व्यवस्था की गई। महर्षि वाल्मीकि उच्च कोटि के कवि भाजपा की उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने मंगलवार को अंबाला शहर में आयोजित महर्षि वाल्मीकि जयंती में हिस्सेदारी की।

यहां अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के अंतर्गत महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विधानसभा संयोजक रितेश गोयल ने वशिष्ठ अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार तथा निगम सदस्य मोनिका मल भी मौजूद रही। कटारिया ने इस मौके पर उपस्थित सभी को भगवान महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस की बधाई देते कहा कि भगवान महर्षि वाल्मीकि एक उच्च कोटि के आदि कवि व रामायण के रचयिता थे। उन्होंने ने इस मौके पर महर्षि वाल्मीकि के इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि सरकार की संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के अंतर्गत महापुरूषों की जयंतियां, सरकारी तौर पर मने का काम किया जा रहा है। उन्होनें इस मौके पर यह भी कहा कि हमें अपने महापुरूषों के पद्चिन्हों पर चलते हुए अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहिए।

#### ये रहे मौजूद

विधानसभा संयोजक रितेश गोयल ने महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस की सभी को बधाई देते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि सृष्टिकर्ता व रामायण के रचयिता थे। उन्होंने इस मौके पर महर्षि वाल्मीकि के जीवन परिचय बारे बताते हुए कहा कि जो व्यक्ति तप करता है उसका समाज मे अग्रणीय स्थान होता है। इस मौके पर शिशपाल मेहला, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, सहायक कृषि अभियंता सुभाष कुमार, युवा नेता मुनीष मल के साथ-साथ समाज के गणमान्य लोग व अन्य उपस्थित रहे।



## वाल्मीकि की शिक्षाओं से जीवन बनाएं सार्थक

**अंबाला।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा दी गई शिक्षाओं एवं उनके सिद्धांतों पर चलकर हमें अपने जीवन को सार्थक बनाना हैं। सारे देश में धर्म एवं संस्कृति की आधारशिला महर्षि वाल्मीकि जी द्वारा रखी गई हैं। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में तोपखाना बाजार व बब्याल में स्थित वाल्मीकि मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि दिवस के प्रकट दिवस की उपस्थित सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सारे देश में इस जयंती को हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। महर्षि वाल्मीकि आदि कवि, सृष्टिकर्ता व रामायण के रचयिता हैं। उन्होनें कहा कि विश्व की सबसे पहली कविता की रचना व विश्व का सबसे पुराना शास्त्र रामायण भी महर्षि वाल्मीकि द्वारा लिखी गई है। संस्कृत का पहला श्लोक भी भगवान वाल्मीकि के मुख से प्रकट हुआ हैं। संस्कृत में ही हमारे शास्त्र लिखे गए हैं। भगवान वाल्मीकि पहले ऐसे ऋषि है जिन्होंने ग्रंथों को कविता में लिखा हैं, जिसमें रामायण शामिल हैं। विज ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा मानव कल्याण के लिए रामायण लिखी है। भगवान राम के जीवन को शास्त्र में लिखकर उन्होंने हमारा मार्ग प्रशस्त किया है। रामायण एक सफलता की कूंजी है। रामायण को शास्त्र का आधार बनाकर हम जीवन यापन की जो भी परिस्थिति है उससे निकल सकते हैं। इस अवसर पर मंत्री अनिल विज ने तोपखाना बाजार में 22 लाख की लागत से बनाई वाल्मीकि धर्मशाला का उद्घाटन अपने कर-कमलों से किया।


शहजादपुर। महर्षि वाल्मीकि को नमन करते हुए मुख्यअतिथि। फोटो: हरिभूमि

### महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह का आयोजन

# युवाओं से आह्वान, जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़ें

■ महर्षि वाल्मीकि के जीवन से प्रेरणा लेने का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

प्रदेश सरकार की संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के अंतर्गत महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह का आयोजन उपमंडल अधिकारी कार्यालय परिसरमें बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी थे, जबकि समारोह की अध्यक्षता एसडीएम शिवजीत भारती ने की। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार सुनील कुमार, बीडीपीओ जोगेश कुमार, प्रोफेसर रेणू कुमारी, सीडीपीओं अरविंद्र कौर, एआईपीआरओ मनोज वालिया, प्रोफेसर संजीव कुमार, भाजपा नेता राकेश बिंदल, श्रवण सैनी, मदन चानना, सुपरवाइजर अनु सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, नम्बरदार, पंच-सरपंच एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया।

अध्यक्षता कर रही एसडीएम शिवजीत भारती ने कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि, नंबरदारों एवं पंच-सरपंच सहित कार्यक्रम में मौजूद सभी नागरिकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ने समाज में समानता, शिक्षा और मर्यादा का जो संदेश दिया, वह आज भी प्रासंगिक है। समारोह के प्रारंभ में प्रोफेसर रेणु कुमारी ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन, उनके योगदान और साहित्यिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि केवल आदिकवि ही नहीं, बल्कि मानवता, करुणा और समर्पण के प्रतीक हैं।

# भगवान वाल्मीकि ने लिखा अमूल्य ग्रंथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

**वाल्मीकि जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए**

मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह का आयोजन एसडीएम कार्यालय अंबाला छावनी में किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम विनेश कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। एसडीएम विनेश कुमार ने भगवान वाल्मीकि जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीपशिखा प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी धर्मेंद्र कुमार व अन्य ने मुख्य अतिथि का यहां पहुंचने पर स्वागत एवं अभिनंदन किया। एसडीएम विनेश कुमार ने सभी को महर्षि वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं देते कहा कि भगवान वाल्मीकि जी ने अपनी आध्यात्मिक शक्ति और ज्ञान से ऐसा ग्रंथ रचा जो मानव जीवन के आदर्शों पर आधारित है।



## वाल्मीकि ने सिखाया जन्म से कोई महान नहीं होता



**अंबाला।** युवा नेत्री व समाजसेवा के प्रति समर्पित चित्रा सरवारा ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर अंबाला छावनी के गांव शाहपुर,बीसी बाजार और दलीपगढ़ स्थित भगवान वाल्मीकि मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया इस अवसर पर मुख्यातिथि के तौर पर पहुंची चित्रा सरवारा को विभिन्न वाल्मीकि सभाओं द्वारा भगवान वाल्मीकि का स्मृति चिह्न व पटका भी भेट किया गया। चित्रा ने कहा कि "महर्षि वाल्मीकि का जीवन केवल एक ऋषि की कथा नहीं, बल्कि मानव आत्मा के उत्कर्ष की वह अद्भुत गाथा है जिसमें पाप से पुण्य, अंधकार से प्रकाश और हिंसा से करुणा की ओर बढ़ने का संदेश छिपा है। कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने यह सिद्ध कर दिया कि जब मनुष्य के भीतर संवेदना जागती है तो वही सृष्टि के उत्थान का कारण बन जाती है। श्रद्धापूर्वक कहा कि वाल्मीकि जयंती केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह आत्मबोध, करुणा और सत्य के पुनर्जन्म का दिवस है।

# महर्षि वाल्मीकि ने विश्व का दिखाया रास्ता

■ भगवान वाल्मीकि के प्रकट दिवस के उपलक्ष पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

भगवान वाल्मीकि के प्रकट दिवस के उपलक्ष पर विधायक पूजा ने हल्के के गांव समलेहड़ी, खानपुर, नहोनी, मुलाना, सरकपुर में शिरकत कर वाल्मीकि जी का आशीर्वाद प्राप्त किया और समूह साधसंगत को महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर शुभकामनाएं दी। विधायक ने महर्षि जी के जीवन पर प्रकाश डालते संबोधन में कहा कि वाल्मीकि ने पूरे विश्व को अपने विचारों से सही दिशा दिखाई है।जीवन की भूल-भुलैया के चक्रव्यूह से शिक्षित व्यक्ति का ही बाहर निकलना संभव तथा आसान होता है।


मुलाना। विधायक को सम्मानित करते ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

#### संसार का मूल आधार ज्ञान

भगवान वाल्मीकि की शिक्षाओं का महाकाव्य 'रामायण' में बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है, जिनमें कर्तव्य परायणता, आज्ञा पालन, वचन पालन, भाई का भाई के प्रति अथाह प्रेम, दुखियों व पीड़ितों के प्रति दया और मानवता व शांति का संदेश देने के साथ-साथ अपने अंदर अहंकार, ईर्ष्या, क्रोध व लोभ रूपी राक्षस को मारकर सहनशीलता अपनाना शामिल है। कहा कि भगवान वाल्मीकि जी के अनुसार संसार का मूल आधार ज्ञान ही है अर्थात शिक्षा के बिना मानव जीवन व्यर्थ और अर्थहीन है क्योंकि जीवन की भूल-भुलैया के चक्रव्यूह से शिक्षित व्यक्ति का ही बाहर निकलना संभव तथा आसान होता है। इनकी शिक्षाओं में अस्त्र-शस्त्र, ज्ञान-विज्ञान, राजनीति तथा संगीत के अलावा आदर्श सेवक, आदर्श राजा, आदर्श प्रजा का ही नहीं, आदर्श शत्रु का भी वर्णन मिलता है।

# दंगल रहा आकर्षण का केंद्र

■ मारकंडेश्वर मंदिर तंदवाल-हरयोली में दो दिवसीय मेला शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

गांव तंदवाल-हरयोली की सीमा पर स्थित मारकंडेश्वर मंदिर में आयोजित दो दिवसीय मारकंडा मेला मंगलवार को विधिवत रूप से शुरू हो गया। मेले के पहले ही दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ माथा टेकने को उमड़ी। श्रद्धालुओं ने सबसे पहले मारकंडा नदी में स्नान कर मीठे चावल का प्रसाद अर्पित किया, उसके बाद मंदिर में जाकर मन्नतें मांगीं और पूजा-अर्चना की। मेले में काफी संख्या में दुकानें लगी हुई थी और इन दुकानों पर सबसे अधिक महिलाएं, युवा और बच्चे खरीददारी करते नजर आए।


बराड़ा। मेले में दुकान पर खरीदारी करती महिलाएं। फोटो: हरिभूमि

#### मेले में जमकर खरीदारी

मेले में शाम के समय दंगल में पहलवानों ने अपना दम-खम दिखाया। मेले में आने वाले कई श्रद्धालुओं ने भंडारा भी लगाया जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आपको बता दें कि मारकंडा नदी के किनारे लगने वाले इस मेले की विशेष महत्व है। दीवाली के पर्व से पहले लगने वाले इस मेले से लोग दीवाली की खरीददारी भी करते है। मेले में लोग बड़ी संख्या में मिट्टी के बर्तन, दीये आदि भी खरीदते दिखे।

# फर्जी आईडी पर आरोपी को ठहराने वाला गिरफ्तार

■ मुलाना के युवक ने आरोपी को ठहराने में की थी मदद, उसे भी जल्द किया जाएगा काबू: डीएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

पुलिस ने साढौरा में 13 सितंबर को हुई फायरिंग की वारदात में वांछित आरोपी को फर्जी आईडी पर ठहराने के मामले में डायमंड होटल के मालिक अक्षय कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। आरोपी ने फायरिंग मामले के मुख्य अभियुक्त को छिपाने में सहयोग किया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 318, 319, 336, 223, 340, 61 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। मंगलवार को थाने में डीएसपी सुरेश शर्मा और थाना प्रभारी प्रमोद राणा ने संयुक्त रूप से मीडिया को पूरे मामले की जानकारी दी। डीएसपी सुरेश शर्मा ने बताया कि पुलिस को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि साढौरा फायरिंग केस का मुख्य आरोपी आदित्य थापर, यहां के डायमंड होटल में फर्जी आईडी के आधार पर ठहरा हुआ था। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि मुलाना के तरुण शर्मा ने आरोपी को फर्जी आईडी के जरिए होटल में रुकवाने में सहायता की थी। उन्होंने कहा कि होटल संचालकों की लापरवाही किसी भी बड़े अपराध का कारण बन सकती है, इसलिए सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए।। डीएसपी सुरेश शर्मा ने युवाओं को सोशल मीडिया से भ्रमित होकर अपराध के रास्ते पर नहीं चलना चाहिए । आजकल कई युवा सोशल मीडिया से प्रभावित होकर गलत राह पर जा रहे हैं।


मुलाना। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी होटल मालिक। फोटो: हरिभूमि

#### सख्त कार्रवाई होगी

डीएसपी ने बताया कि इस संबंध में होटल मालिक अक्षय कुमार को गिरफ्तार किया गया है जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार छापेमारी कर रही है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि जो भी व्यक्ति अपराधियों को शरण देगा या कानून की अवहेलना करेगा, उसे किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। थाना प्रभारी प्रमोद राणा ने होटल, गेस्ट हाउस, लॉज और पीजी संचालकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को ठहराने से पहले उसकी पहचान और दस्तावेजों की पूरी तरह जांच करें। फर्जी आईडी पर कमरा देने या बिना रिकॉर्ड रखे लोगों को ठहराने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सात छात्राओं ने खेल के मैदान में दिखाया दम, अब राज्य का करेंगी प्रतिनिधित्व

**मुलाना।** मैवरिक्स इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने एक बार फिर यह साबित किया है कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां भी किसी से कम नहीं। विद्यालय की 7 प्रतिभाशाली छात्राओं ने 3 से 5 अक्तूबर तक कैथल में आयोजित हुए राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। इनमें से दो छात्राएं पलक और वृंदा ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से सबका दिल जीत लिया और उनका चयन राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। अब ये दोनों खिलाड़ी राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। वहीं तीन अन्य प्रतिभाशाली छात्राएं तन्वी, पलक और खुशी ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर हरियाणा ओलंपिक्स के लिए क्वालिफाई किया है। यह विद्यालय के लिए गर्व की बात है। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुमन पाहवा और चेयरमैन रमेश चौहान ने सभी विजेता छात्राओं, उनके प्रशिक्षकों तथा अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## राकेश आहूजा गुदगुदी जंक्शन के सर्वश्रेष्ठ पदाधिकारी घोषित , रेट्रो नाइट में सुनाए पुराने फिल्मी नगमे

**सामाजिक संस्था गुदगुदी जंक्शन समूह के 6 वर्ष संपन्न होने पर पदाधिकारी सम्मानित**

# कौन है जो सपनों में आया...गीत पर सभी मंत्रमुग्ध हुए संगीत प्रेमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

सामाजिक संस्था गुदगुदी जंक्शन समूह के 6 वर्ष संपन्न होने पर अंबाला के सर्वश्रेष्ठ पदाधिकारी सम्मानित किए गए। अंबाला क्लब में सोमवार रात्रि कैंट प्रभारी राकेश आहूजा द्वारा आयोजित भव्य संगीतमयी कार्यक्रम /"रेट्रो नाइट/" में बड़ी संख्या में संगीतप्रेमी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम व क्लब के वाइस चेयरमैन दर्शन कुमार ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्वलन से किया।


अंबाला। आवाज का जादू बिखेरते कलाकार। फोटो: हरिभूमि

इस अवसर पर सीए रोहित गुप्ता अति विशिष्ट रहे जबकि अंबाला क्लब के पूर्व चेयरमैन अरविंद सीकरी व गुदगुदी जंक्शन समूह के अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम संयोजक राकेश आहूजा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में इवेंट ऑर्गेनाइजर प्रवीण राठी,राजेश आहूजा,ऋषभ आहूजा,लक्ष्य, अदम्य वीर,सुरेंद्र धीमान,देवेंद्र कपूर,अशोक मनचंदा,डॉ.संजय गौतम,इंद्र परुथी,राज अरोड़ा,उमेश कौशल,अमित कुमार सैनी,सरदार

#### सामाजिक क्षेत्रों में गहरा प्रभाव

मुख्यातिथि दर्शन कुमार ने कहा कि संगीत का मानव जीवन पर संज्ञानात्मक, भावनात्मक, शारीरिक और सामाजिक क्षेत्रों में गहरा प्रभाव पड़ता है, जो स्मृति, ध्यान, भावनाओं को नियंत्रित करने, तनाव कम करने और सांस्कृतिक जुड़ाव को बढ़ावा देने में मदद करता है। यह संगीत चिकित्सा, कला और सामाजिक उत्सवों के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकता है, साथ ही सांस्कृतिक पहचान और विरासत को बढ़ावा दे सकता है।

#### गीत सराहनीय रहे

गौड़ ने गुदगुदी समूह अंबाला पदाधिकारियों के साथ राकेश आहूजा को स्मृति चिह्न,प्रमाण पत्र और दौशाला प्रदान करके बताया कि वे सर्वश्रेष्ठ पदाधिकारी चुने गए। कार्यक्रम के मंच पर राकेश आहूजा ने कई पुराने दिलकश नगमे सुनाकर समां बांधा जिनमें /"कौन है जो सपनों में आया/"......,/"मधुबन खुशबू देता है/"..., /"दिन ढल जाए मगर रात न जाए/"...,/"तेरे चेहरे में वो जादू है/"...और /"तुमने किसी की जान को जाते देखा है/".... गीत सराहनीय रहे। मंच का संचालन आदित्य सभ्रवाल ने शब्दों को बहुत ही खूबसूरती से पिरोकर किया। गीतों के दूसरे राउंड में लोगों की फरमाइश पर गीत सुनाए गए।